PPMN

राष्ट्रीय हिन्दी समाचार पत्र - राज्य सरकार से विज्ञापन के लिए अनुमोदित

सहयोग आपका प्रयास हमारा

परिष्कार पत्रिका

प्रगति की ओर

जयपुर सहित, किशनगढ़, अजमेर, नसीराबाद, ब्यावर, जोधपुर, बानसूर, अलवर, कोटपूतली, बहरोड़, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, कानोता, बस्सी, नीम का थाना, रींगस, सीकर, कोटा, शिवदासपुरा, भीलवाड़ा, अहमदाबाद, बीकानेर, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, मध्यप्रदेश में प्रसारित

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ

जरूरी सूचना
यदि आपके पास परिष्कार पत्रिका डाक से आता है और हर माह की 10 व 25 तारीख को पाबंदी से नहीं आ रहा है, तो अपने पोस्टमास्टर या डाकिए से हमारी बात कराएं या सूचित करें। इसका निश्चित रूप से समाधान निकलेगा।
सम्पर्क करें 8764400196

पोस्टल रजि. Jaipur City/ 240/ 2024-26 पाक्षिक (हिन्दी राष्ट्रीय) मूल्य 2 रूपए

विशेषांक

E-Mail : parishkarpatrika@gmail.com

वर्ष - 24 » अंक 11 » जयपुर : 8 जनवरी 2026 से 22 जनवरी 2026 » RNI No : RAJHIN/2002/09810 »

प्रदेश में रूफ टॉप सोलर योजनाओं को बढ़ावा दें : मुख्य सचिव

पीएम सूर्य घर एवं 150 यूनिट निःशुल्क बिजली योजना की प्रगति की मुख्य सचिव ने की समीक्षा

ब्यूरो चीफ रविसिंह किरार/ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना एवं राज्य की 150 यूनिट निःशुल्क बिजली योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर गुरूवार को शासन सचिवालय में मुख्य सचिव वी श्रीनिवास ने समीक्षा की। बैठक में मुख्य सचिव ने कहा कि राज्य सरकार गैर नवीकरणीय ऊर्जा पर स्त्रोतों पर निर्भरता कम कर प्रदेश में सौर ऊर्जा को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने निर्देश दिए कि सरकारी कार्यालयों में भी सोलर रूफटॉप इंस्टॉलेशन कराने की दिशा में अधिक से अधिक कार्य हो।

मुख्य सचिव ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना आम नागरिकों को सस्ती एवं स्वच्छ ऊर्जा उपलब्ध कराने की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है तथा राज्य सरकार इस योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अधिक से अधिक पात्र घरेलू उपभोक्ताओं को योजना से जोड़ा जाए और समयबद्ध लक्ष्य निर्धारण के साथ प्रगति की नियमित मॉनिटरिंग की जाए।

गौरतलब है कि प्रदेश में अब तक प्रधानमंत्री सूर्य योजना के तहत 1,23,701 रूफटॉप सोलर संयंत्र लगाए जा जा चुके हैं और राजस्थान राष्ट्रीय स्तर पर पाँचवे स्थान पर है। यह प्रगति प्रदेश को अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में निरंतर अग्रणी बना रही है।

इमानुएल मिशन स्कूल झोटवाड़ा की आरूषि राठौड़ ने बाड़मेर में किया राजस्थान टीम का प्रतिनिधित्व

राजस्थान बालिका टीम ने जीता स्वर्ण पदक

ब्यूरो चीफ रविसिंह किरार/ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफइंडिया के तत्वावधान में 2 से 6 जनवरी 2026 तक बाड़मेर राजस्थान में आयोजित 69 वीं राष्ट्रीय अंडर-19 बालिका बास्केटबॉल प्रतियोगिता में राजस्थान बालिका टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

इस प्रतियोगिता में इमानुएल मिशन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, झोटवाड़ा जयपुर की छात्रा आरुषि राठौड़ ने राजस्थान टीम का प्रतिनिधित्व किया। फाइनल मुकाबले में राजस्थान टीम ने महाराष्ट्र टीम को पराजित कर यह गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल की। इस उपलब्धि पर विद्यालय की प्रधानाचार्य ब्लेसी जॉन, प्रबंधन समिति एवं समस्त स्टाफ ने आरुषि राठौड़ को हार्दिक बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। आरुषि राठौड़ ने अपनी इस सफलता का संपूर्ण श्रेय अपने कोच संदीप मेहरा के कुशल मार्गदर्शन, अथक परिश्रम एवं निरंतर अभ्यास को दिया।

29वें राष्ट्रीय महोत्सव में हिस्सा लेने वाले प्रदेश के युवाओं से संवाद कार्यक्रम

स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत के संकल्प से कर रहे हैं साकार

युवा राष्ट्र के कर्णधार, भविष्य की सबसे बड़ी उम्मीद : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

प्रदेश के 44 युवा विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग एवं 29 युवा सांस्कृतिक प्रतियोगिता के लिए चयनित

मुख्यमंत्री ने सभी प्रतिभागियों को सफल सहभागिता की दी शुभकामनाएं

ब्यूरो चीफ रविसिंह किरार (विवि)/ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वामी विवेकानंद के आदर्शों के अनुरूप एक भारत-श्रेष्ठ भारत, आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है। प्रधानमंत्री के इसी संकल्प से प्रदेश के युवा रूबरू होंगे, जब वे नई दिल्ली में आयोजित होने वाले 29वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव में सहभागिता करेंगे। शर्मा बुधवार को 29वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव में शामिल होने वाले प्रदेश के युवा प्रतिभागियों से मुख्यमंत्री कार्यालय में संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि युवा राष्ट्र के कर्णधार हैं और वही भविष्य की सबसे बड़ी उम्मीद भी हैं। युवा-मन के विश्वास एवं जिज्ञासा से ही नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। उन्होंने प्रतिभागी युवाओं को प्रदेश के ब्रांड एंबेसडर बताते हुए विश्वास व्यक्त किया कि सभी प्रतिभागी महोत्सव में प्रदेश का परचम फहराएंगे और और पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणास्रोत बनेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने युवाओं से उठोए जागो और तब तक मत रुको जब तक मंजिल प्राप्त न हो जाए का आह्वान किया था। उन्होंने कहा था कि 21वीं सदी भारत की होगी और आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया का नेतृत्व करने की ओर अग्रसर है।

प्रदेश, संभाग एवं जिला स्तर पर हो रहा युवा महोत्सवों का आयोजन : शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने युवा कल्याण के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। राज्य सरकार स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर 7 से 12 जनवरी तक युवा एवं खेल महोत्सवों का प्रदेश, संभाग एवं जिला स्तर पर आयोजन कर रही है। इसके अंतर्गत युवा कलाकारों को जिला स्तर पर 1 हजार रुपये, संभाग स्तर डेढ़ हजार और राज्य स्तर पर 50 हजार रुपये तक के पुरस्कार दिए जा रहे हैं। राष्ट्रीय यूथ आइकॉन पुरस्कार की भांति प्रदेश में राजस्थान युवा आइकॉन पुरस्कार और एक लाख रुपये की नकद राशि से सम्मानित किया जा रहा है।

92 हजार युवाओं को सरकारी नौकरीए डेढ लाख से अधिक भर्ती प्रक्रियाधीन : मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने लगभग 92 हजार युवाओं को सरकारी नौकरी दी है और डेढ़ लाख से अधिक पदों पर भर्तियां प्रक्रियाधीन हैं। निजी क्षेत्र में भी तीन लाख से अधिक युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देने के साथ ही करीब ढाई लाख युवाओं को रोजगार दिया गया है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए हाल ही में खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का सफल आयोजन किया गया है। वहीं, राजस्थान डिजिफेस्ट टाई ग्लोबल समिट में प्रदेश के युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और नई तकनीक को समझा। उन्होंने कहा कि युवा रोजगार चाहने वाले की जगह रोजगार प्रदाता बनें। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में हर्षिता शर्मा का जिक्र किया जिन्होंने राष्ट्रीय युवा संसद में प्रथम पुरस्कार जीता था। साथ ही, उन्होंने काव्या सिंह के बारे में भी बताया जिन्होंने पिछले वर्ष विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग में प्रधानमंत्री से भेंट की थी।

कार्यक्रम में युवा मामले एवं खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि युवाओं को राष्ट्रीय मंच पर राजस्थान का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि सभी प्रतियोगी इस अवसर को अन्य प्रदेशों के बारे में जानने का माध्यम बनाएं। युवा प्रतिभागियों ने मुख्यमंत्री से अपने विचारों को साझा करते हुए कहा कि युवा देश के विकास का इंजन है और वे सभी शिक्षा, स्वास्थ्य, तकनीक सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपना योगदान देकर विकसित भारत के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएंगे। मुख्यमंत्री ने सभी प्रतिभागियों को राष्ट्रीय युवा महोत्सव में सफल सहभागिता के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं। संवाद के दौरान मुख्यमंत्री ने युवाओं के साथ वन-टू-वन बातचीत की और उनके साथ सेल्फी भी ली।

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय युवा महोत्सव में भागीदारी के लिए विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग के लिए आयोजित प्रतियोगिता में प्रदेश के 44 युवाओं का चयन किया गया है। साथ ही, प्रदेश के 29 युवाओं को सामूहिक लोक नृत्यए लोक गायनए कहानी लेखनए पेंटिंग और भाषण जैसी प्रतियोगिता एवं 02 युवाओं को हैक फॉर सोशल कॉज इवेंट के लिए चुना गया है। इस अवसर पर मुख्य सचिव वी श्रीनिवास, अतिरिक्त मुख्य सचिव मुख्यमंत्री अखिल अरोड़ा, युवा मामले एवं खेल विभाग के शासन सचिव डॉ गौरव के पवन सहित अन्य अधिकारीगण एवं प्रतिभागी युवा उपस्थित रहे।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने देखा विशेष योग्यजनों के कृत्रिम अंग-उपकरणों को और अधिक सुविधाजनक बनाने के लिए शोध कर रही संस्थाओं का प्रस्तुतिकरण

ब्यूरो चीफ रविसिंह किरार/ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने बुधवार को उन सरकारी या गैर सरकारी शोध संस्थानों, संगठनों एवं व्यक्तियों के प्रस्तुतिकरण देखे, जिन्होंने विशेष योग्यजनों को और अधिक सुविधा एवं सम्बल देने के लिए कृत्रिम अंग या उपकरण की गुणवत्ता के संबंध में शोध किए हैं। मुख्यालय अम्बेडकर भवन में आयोजित इस अहम बैठक में महहर कंपनियों के प्रतिनिधियों ने विशेष योग्यजनों के लिए काम आ रहे कृत्रिम अंगों और उपकरणों को अत्याधुनिक और सहज बनाने के शोध

विचार और सुझाव संबंधी विचार रखे। गहलोत ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने वित्तीय वर्ष 2025-26 की बजट घोषणा में राज्य में विशेष योग्यजनों को और अधिक सुविधा एवं सम्बल प्रदान करने की दृष्टि से आर्टिफिशियल लिंब्स और इक्यूप्मेंट की गुणवत्ता के संबंध में शोध की घोषणा की थी। इसी की अनुपालना में संस्थानों से अभिरुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की गई थी। उन्होंने कहा राज्य सरकार की मंशा है कि विशेष योग्यजनों को मिलने वाले उपकरण गुणवत्तायुक्त हों, उपयोगी हों और पहले से अधिक सहज भी हों।

सामाजिक न्याय मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में ऐसा नवाचार करने वाला राजस्थान अकेला प्रदेश है, जहां विशेष योग्यजनों के लिए सरकार इतनी संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने उपकरणों और अंगों को और अधिक हल्का, किफायती तथा उपयोग में सुविधाजनक बनाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने शोध संस्थाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास दिव्यांगजनों के जीवन में स्वावलंबन, सम्मान और आत्मविश्वास बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने में मददगार साबित होंगे। बैठक में आयुक्त निदेशालय विशेष योग्यजन इकबाल खान, निजी सचिव रोहित कुमार, अतिरिक्त निदेशक चंद्रशेखर चौधरी सहित रवि पूर्वया, डॉ रैमन भंडारी, क्षितिज शर्मा, डॉ अमित नाटानी, डॉ विजय राठौर, मृणाल जोशीए सुदेश पचार, महावीर विकलांग सहायता समिति सहित कई संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

बीएसएन कॉलेज बक्शावाला सांगानेर में रोजगार मेले का आयोजन

रोजगार मेले में 30 कंपनियों के लिए 450 प्रतिभागियों ने रजिस्ट्रेशन कराया

ब्यूरो चीफ रविसिंह किरार/ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। बीएसएन ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूट जयपुर के तत्वावधान में 5 जनवरी 2026 को बीएसएन कॉलेज कैम्पस बक्शावाला वाटिका रोड़ सांगानेर जयपुर में एक वृहद रोज़गार मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में देश प्रदेश से आईटी एनोन आईटी एप्रोफेशनल, बैंकिंगए बीमा, वाहन आदि से संबंधित लगभग 30 से अधिक कंपनियों व कार्यालयों के प्रतिनिधियों ने भाग

लिया इस जॉब फेयर में एबीआई बैंक, एच डी एफ सी बैंक, आइ सी आई सी आई बैंक, भारतीय, एयरटेल, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बाटा इंडिया, प्यूमा, स्वेगी, जीनस, ब्लैकिट, डीमार्ट रोयिटा, बजाज इंडिया आदि अनेक कंपनियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और रोज़गार पाने के लिए उपस्थित प्रतिभागियों का ऑनस्पाट साक्षात्कार के माध्यम से जॉब ऑफर लेटर दिए गए। इस जॉब फेयर में महाविद्यालय के विद्यार्थियों और पूर्व छात्रों ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया जिससे महाविद्यालय

के 16 विद्यार्थियों को रोज़गार के लिए चयन कर नियुक्ति पत्र दिए गए। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलन के साथ शुरू हुआ मेले के कोर्डिनेटर डॉफसरोज जांगिड़ व प्रवीण रावत ने सभी कंपनियों के प्रतिनिधियों का तिलक लगाकर स्वागत किया तथा बताया कि 450 से अधिक प्रतिभागियों ने रोज़गार मेले में रजिस्ट्रेशन कराया।

कार्यक्रम के समाप्ति पर सफल अभ्यर्थियों को संस्था निदेशक डॉ प्रकाश चंद्र खुल्वे के द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए है तथा सभी कंपनियों के प्रतिनिधियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर जॉब फेयर के सफल आयोजन पर धन्यवाद दिया तथा समय समय पर आयोजित होने वाले इस जॉब फेयर में उनसे पुनः आगमन की स्वीकृति ली।

254वां परमगुरू महोत्सव 20 जनवरी को गोविंदपुरा सांगानेर जयपुर में

आद्य सद्गत स्वराज करूणेश कैवल त्वं नमामि

ब्यूरो चीफ रविसिंह किरार/ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। ज्ञान संप्रदाय कायम पंथ सत्संग समिति जयपुर के तत्वाधान में 19 व 20 जनवरी को ज्ञान संप्रदाय के आद्य स्थापक सकर्ता सर्जनहार के परमविशेष अंश, अनन्त अंशो के तारणहार कुवेरस्वामी दिव्य परमगुरु भगवान करुणासागर का 254 वां दो दिवसीय प्राण्त्य महोत्सव माघसुद बीज बड़े धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ सत कैवल सत्संग आश्रम शिक्षा सागर कॉलोनी, गोविंदपुरा सांगानेर जयपुर में मनाया जाएगा। समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष करणसिंह मुंदड़िया ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ पूज्य गुरुजी नानकदास महाराज के सानिध्य में होगा। इस अवसर पर सभी संत-महंत, भक्तजन, गुरुभाई एवं आम समाज बंधुओ को सादर आमंत्रित किया जाता है। उन्होंने कहा कि ज्ञान संप्रदाय कायम पंथ के सबसे बड़े पावन पर्व पर सभी गुरुभाई परिवार के साथ समय पर पधारकर संपूर्ण कार्यक्रम का लाभ ले तथा भगवान करुणासागर का आशीर्वाद प्राप्त करें। उन्होंने बताया कि दो दिवसीय कार्यक्रम में 19 जनवरी को रात्रि में सत्संग एवं 20 जनवरी को मंगलआरती के बाद प्रभात फेरी, प्रातःकाल उपासना के साथ दिन में परमगुरु के दिव्य जीवन पर आधारित कथा होगी तथा कैवल धुनों के साथ सारा दिन संगीतमय होगा। उसके बाद 254 दीपकों के साथ भव्य महाआरती होगी एवं भोजन प्रसादी के बाद शाम को सांयकाल उपासना के बाद कार्यक्रम का समापन होगा।

राजस्थान आवासन मंडल मुख्यालय में धूमधाम से मनाया गया पोष-बड़ा महोत्सव

उत्सव और त्यौहार करते हैं सकारात्मकता का संचार

ऐसे आयोजन कार्य संस्कृति को मज़बाव देने के लिए जरूरी : सचिव

ब्यूरो चीफ रविसिंह किरार (विवि)/ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। राजस्थान आवासन मंडल में बुधवार को पोष-बड़ा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आवासन मंडल में स्थापित गणेश जी की प्रतिमा को सजाया गया और मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना कर सभी की सुख-सम्पन्नता की कामना की।

इस अवसर पर मुख्य अभियंता अमित अग्रवाल ने मण्डल अधिकारियों और कर्मचारियों को बेहतर कार्य संस्कृति के लिए मिलजुल कर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि उत्सव और त्यौहार सकारात्मकता का संचार करते हैं। सचिव डॉ गोपाल सिंह ने कहा की मंडल हर त्योहार को कर्मचारियों के साथ मनाने की परंपरा को निरंतर मज़बूत कर रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले सभी उत्सवों को मंडल सामूहिक रूप से मनाएगा। इस दौरान सचिव डॉ गोपाल सिंह, उप सचिव अशोक कुमार, प्रतीक श्रीवास्तव, टीएस मीना, वित्तीय सलाहकार कृष्ण चन्द्र कुमावत, राजस्थान आवासन बोर्ड कर्मचारी संघ के अध्यक्ष मोहन सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष दारा सिंह, उपाध्यक्ष गोविंद नाटानी, महासचिव रमेशशर्मा सहित समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

रजि नं. 259/2001 राजस्थान सरकार से स्वाई मान्यता प्राप्त

जय मां सरस्वती विद्यापीठ सी.सै. स्कूल

संकाय- कला एवं वाणिज्य [कक्षा नर्सरी से 12वीं तक [हिन्दी माध्यम]]

JMS VIDHYAPEETH SR. SEC. SCHOOL

(An English Medium) Nur. to XII(Arts & Com.)

प्रवेश प्रारंभ 44, दुर्गा विस्तार कॉलोनी, सवत जी का बंधा, एमबीसी स्टाफ क्वार्टर के पीछे, झाटीपुरा रोड़, जयपुर -6

Ph. 0141-2225200, Mob. No. 9251467543, 9251467545

विशेषताएं : श्रेष्ठ महीला, प्रशिक्षित अध्यापक- अध्यापिकाओं द्वारा अध्यापन, सांस्कृतिक रेस्ट, कम्प्यूटर छात्र-छात्राओं हेतु विशेष कक्षाएं।

श्रीकन्या सदाचार उ. मा. विद्यालय

अंग्रेजी व हिन्दी माध्यम सह शैक्षणिक संस्था

आकड़ू मार्ग, बनीपार्क, जयपुर - फोन : 0141-2202026

विशेषताएँ :-
- प्रशिक्षित, समर्पित एवं अनुभवी स्टॉफ
- उत्कृष्ट पुस्तकालय
- सुसज्जित प्रयोगशालाएं
- विशाल क्रीड़ा प्रांगण
- छात्रवृत्ति सुविधा (आरटी)
- सहायक पाठ्यक्रम (बिना पढ़े के लाभ के 3 विद्यार्थियों का द्वारा सरकार से कक्षा IX" to XII" क्लेशन पर फीस में छूट।
- फीस आपके बजट में, स्थान व खुला वातावरण
- 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की फीस में विशेष छूट
- उत्कृष्ट सुविधा उपलब्ध

प्रवेश प्रारंभ

Sadachar Public School

Nursery, LKG, UKG & 1st to VIIIth

प्रकाशन के लिए अपने खबर भेजें या मेल करें-

संपादक,
परिष्कार पत्रिका,
ब्रांच ऑफिस : शॉप नं 2, प्लाट नं 36 भैरव नगर, ईएसआई के पास, हटवाड़ा रोड़, जयपुर-302006
मो. 9314407796
parishkarpatrika@gmail.com
अधिक खबरों के लिए परिष्कार पत्रिका की वेबसाइट पर देखें
www.parishkarpatrika.com

PRIME TRACK

Trackon Couriers Pvt. Limited

शायर सिंह किरार
ट्रैकोन कोरियर प्रा. लि.

अपने प्रियजनों को भेंजे संदेश या उपहार, घर बैठे कोरियर पिकअप और डिलीवर के लिए हमसे सम्पर्क करें -

शॉप नं. 2, प्लाट नं.36, भैरव नगर, हटवाड़ा रोड़, जयपुर [राजस्थान]
मो. नं. 8561888504, 6350176413, 9314407796

सम्पादकीय

परिष्कार पत्रिका जयपुर। नए वर्ष की दहलीज पर खड़े होकर जब हम पीछे मुड़कर देखते हैं, तो वर्ष 2025 अनेक अनुभवों, संघर्षों और उपलब्धियों से भरा नजर आता है। आपके विश्वास और सहयोग ने ही धार संवाद को सशक्त बनाया है यही हमारा सबसे बड़ा पुरस्कार है। हर दिन, हर खबर के साथ हमने सच्चाई को उजागर करने और समाज के सरोकारों को सामने लाने का प्रयास किया है। यह सफर आसान नहीं था, पर आपकी उम्मीदों ने हमें हर चुनौती से लड़ने की ताकत दी। अब हम 2026 में प्रवेश कर रहे हैं नए संकल्पों, नई ऊर्जा और वही पुराना वादा लेकर कि परिष्कार पत्रिका आपकी आवाज़, आपके हक़ और आपके सच के साथ हमेशा खड़ा रहेगा।

आप सभी के लिए मंगलमय हो। नववर्ष आपके जीवन में नव प्रकाश, नव चेतना एवं नव ऊर्जा का संचार करे। ईश्वर की दयालुता से आप का स्वास्थ्य अच्छा रहे और सोच एवं विचार उच्च स्तरीय रहें। हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि नववर्ष 2026 में जहां अशांति है वहां शांति हो, जहां संघर्ष है वहां समाधान हो, जहां घृणा है वहां प्रेम हो, जहां अंधकार है वहां प्रकाश हो।

सर्वे भवन्तु सुखिनः। सर्वे सन्तु निरामया :
नए वर्ष में, नई योजना, नए नए उत्तम कर्म करें ।
नव पथ के नवगामी बनकर चलें, प्रेम से मर्म हरें ।।
तन की, मन की बढ़े ऊर्जा, सुखी रहें, आनंद करें ।
हंसते गाते रहें हमेशा, जन के मन के फंद हरें।।
वैर विरोध करे न कोई, हित का भाव रखें मन में ।
सम्मार्ग प्रशस्त करें सब, भरें खुशी जीवन घन में।।
पाप, ताप, संताप रहे नव मोद, मिलन सहयोग बढ़े।
बाहाचार खत्म हो जाए, सत्यशील, शुभ योग बढ़े।।
मर्यादा, वादा, सत्साधन, आराधन, सत्संग जगे।
जीवमात्र हित करुणा, ममता, समता वाला रंग जगे।।
नव वर्ष के शुभारंभ के अवसर पर परिष्कार पत्रिका परिवार अपने सभी सदस्यों के साथ सभी सुधि पाठकों के मंगलमय जीवन की कामना करते हुए हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करता है।

जय हिन्द। जय भारत।।

राज्य स्तरीय पुलिस सम्मेलन : विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि में कानून व्यवस्था की निर्णायक भूमिका

पुलिस प्रशिक्षण के नवाचारों ने प्रदेश को दिलाई राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान

राष्ट्र सेवा के समर्पित भाव से पुलिसंग को बनाएं मजबूत : मुख्यमंत्री

युवा दिवस पर नई पीढ़ी को दें नए कानूनों की जानकारी, कराएं थानों की विजिट

राजस्थान पुलिस अकादमी को मिला देश में उत्कृष्ट प्रशिक्षण संस्थान का दर्जा

दो वर्षों में प्रदेश की कानून-व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार

वर्ष 2023 के मुकाबले अपराधों में 15 प्रतिशत की आई कमी

ब्यूरो चीफ रविसिंह किरार (विदि)/ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में सुदृढ़ कानून व्यवस्था की निर्णायक भूमिका है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में केंद्र सरकार ने औपनिवेशिक मानसिकता से बनाए गए पुराने कानूनों को बदलकर तीन नए कानून बनाए हैं। उन्होंने कहा कि नई व्यवा संहिता में त्वरित न्याय की अवधारणा से लोगों का विश्वास और मजबूत हो रहा है।

शर्मा राजस्थान पुलिस अकादमी में विकसित भारत में पुलिस व्यवस्था विषय पर आयोजित राज्य स्तरीय पुलिस सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों में प्रदेश की कानून व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। वर्ष 2023 के मुकाबले अपराधों में 15 प्रतिशत, हत्या के प्रकरणों में 25 प्रतिशत, लूट के प्रकरणों में 50 प्रतिशत की कमी आई है। वहीं महिला अत्याचार में 10 प्रतिशत तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति के विरुद्ध अत्याचार में 28 प्रतिशत की कमी आई है।

युवा दिवस पर विद्यार्थियों को कराएं थानों की विजिट : मुख्यमंत्री ने कहा देश में लागू हुए तीनों नए कानूनों के क्रियान्वयन के तहत प्रदेश में चरणबद्ध रूप से 7 वर्ष से अधिक सजा वाले मामलों में जांच एफएसएल के

माध्यम से कराने के लिए थानों को सुदृढ़ किया जा रहा है। साथ ही, एफआईआरए ई-एफआईआर और चार्जशीट के ई-रिकॉर्ड अपडेट से लेकर अदालत के निर्णय तक की पूरी प्रक्रिया को ऑनलाइन किया जा रहा है।

शर्मा ने कहा कि आने वाले युवा दिवस 12 जनवरी पर विद्यार्थियों को थाने की विजिट करवाएं और थानों की कार्यप्रणाली तथा नये कानूनों से उन्हें अवगत करवाएं। नई पीढ़ी को विद्यार्थी जीवन में ही नशा मुक्ति, सड़क सुरक्षा, पुलिसिंग आदि की जानकारी दी जाए।

संगठित अपराधों पर लगे अंकुश, सोशल मीडिया गतिविधियों की हो स्क्रीनिंग : मुख्यमंत्री ने कहा कि संगठित अपराध को रोकने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है तथा इन पर पूरी तरह अंकुश लगाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर भी गैंगस्टर्स के लिए की जाने वाली पोस्ट की स्क्रीनिंग कर ऐसे लोगों की निगरानी और समझाइश की जाए। साथ ही, उन्होंने नशे की रोकथाम एवं नशे की तस्करी को जड़ से खत्म करने के लिए भी जोर दिया। उन्होंने पुलिस द्वारा साइबर अपराध के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही की सराहना करते हुए कहा कि डिजिटल अरेस्ट और ऑनलाइन ठगी के मामलों में त्वरित कार्रवाई कर आमजन का यह विश्वास बहाल रखना हमारी जिम्मेदारी है।

इशर्मा ने कहा कि बेहतर कानून व्यवस्था से प्रदेश की अर्थव्यवस्था मजबूत होती है। किसी भी प्रदेश में विकास एवं निवेश सुदृढ़ कानून-व्यवस्था के बिना संभव नहीं है। हमारी सरकार ने पहले ही वर्ष में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट का आयोजन किया। समिट के दौरान हुए 35 लाख करोड़ रुपये के एमओयू में से 8 लाख करोड़ रुपये के एमओयू धरातल पर उतर रहे हैं, जिससे प्रदेश में निवेश का सुरक्षित वातावरण बना है।

पुलिस कल्याण के लिए उठाए गए बेहतर कदम : मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार पुलिस बल को मजबूत करने के लिए अनेक कदम उठा रही है और उन्हें बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने का प्रयास कर रही है। हम पुलिस आधुनिकीकरण व संबंधित आधारभूत संरचना के लिए 200 करोड़ रुपये का फंड गठित करने जा रहे हैं। इसी तरह 350 करोड़ रुपये की लागत से सरदार पटेल सेंटर फॉर साइबर कंट्रोल रूम एवं राजस्थान पुलिस तकनीकी प्रशिक्षण अकादमी की स्थापना करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमने कांस्टेबल से सहायक उप निरीक्षक स्तर तक के कार्मिकों के वर्दी भत्ते एवं पुलिस निरीक्षक तक के अधिकारियों के मैस भत्तों में बढ़ोतरी की है। साथ ही, पुलिस को और अधिक प्रभावी एवं कार्यदक्ष बनाने हेतु करीब 60 करोड़ की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृतियां जारी की गई हैं।

पुलिसिंग में अपनाएं सरकार और समाज का समग्र दृष्टिकोण : शर्मा ने कहा कि सामुदायिक पुलिसिंग को बढ़ावा देते हुए पुलिस को रचनात्मक और सकारात्मक दृष्टिकोण वाले व्यक्तियों एवं समूहों से जुड़ने के लिए तंत्र विकसित करना चाहिए। साथ ही, उल्लेखनीय कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को समय-समय पर प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने आह्वान किया कि समाज के प्रत्येक वर्ग को त्वरित न्याय दिलवाने हेतु पुलिसिंग के साथ संवेदनशीलता भी अपनाएं।

सुफिया सूचनाओं के विश्लेषण में हो प्रौद्योगिकी का उपयोग : मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रौद्योगिकी और एआई का उपयोग खुफिया सूचनाओं के विश्लेषण में किया जाना चाहिए। पुलिस प्रशिक्षण के महत्व को देखते हुए सभी पुलिस अधिकारियों को अपने कनिष्ठ अधिकारियों को प्रशिक्षण देने के लिए प्रति वर्ष 100 घंटे समर्पित करने चाहिए। 10 वर्ष से अधिक सेवा अनुभव वाले पुलिस अधिकारियों को एक-एक पुलिस स्टेशन को गोद लेना चाहिए।

गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में पुलिस बल की महत्वपूर्ण भूमिका है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में पिछले दो वर्षों में प्रदेश में अमजन का विश्वास बढ़ा है, अपराधियों में भय का माहौल बना है और पुलिस विभाग ने कई कीर्तिमान स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अपराधों में उल्लेखनीय गिरावट आई है तथा आंतरिक चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटते हुए राज्य देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हुआ है।

महानिदेशक पुलिस डीजीपी राजीव कुमार शर्मा ने कहा कि प्रदेश में बेहतर पुलिसिंग के लिए समर्पित भाव से कार्य किए जा रहे हैं। पुलिस को अपने दायित्वों को सार्थक बनाते हुए नवाचार को अपनाना होगा। उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन के दौरान साइबर अपराध, महिला सुरक्षा में प्रौद्योगिकी का उपयोग, मादक पदार्थ व अपराधों पर नियंत्रण तथा पुलिस शक्ति करण जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में ई-विजिटर्स पोर्टल एवं ई-जीरो एफआईआर का शुभारम्भ एवं राजस्थान पुलिस प्राथमिकता-2026 पुस्तिका का विमोचन किया। इस अवसर पर मुख्य सचिव वी श्रीनिवास, अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह भास्करराव सावंत, पुलिसमहानिदेशक प्रशिक्षण एवं यातायात अनिल पालीवाल, निदेशक राजस्थान पुलिस अकादमी संजीब कुमार नर्सरी सहित पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

राजस्थान पुलिस अकादमी का देश में प्रथम स्थान : मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस प्रशिक्षण के नवाचारों ने प्रदेश को नई पहचान दिलाई है। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि भारत सरकार के उपक्रम क्षमता संवर्धन आयोग द्वारा राजस्थान पुलिस अकादमी को उत्कृष्ट संस्थान का दर्जा दिया गया है। यह अकादमी सभी राज्यों के पुलिस प्रशिक्षण संस्थानों में उत्कृष्ट संस्थान का दर्जा प्राप्त करने वाली प्रथम अकादमी बनी है। उन्होंने सभी पुलिस कर्मियों को इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा कि इसी समर्पित भाव से राष्ट्र एवं समाज की सेवा करते हुए पुलिसिंग को मजबूत करें और नई आपराधिक न्याय प्रणाली के क्रियान्वयन में प्रदेश को अग्रणी राज्य बनाएं।

झुंझुनू में जिला प्राधिकरण की पहल पर दो नाबालिग बच्चों को तुरंत मानवीय सहायता

दो नाबालिग भाई-बहन के साथ समाज की ओर से हो रही उपेक्षा एवं अमानवीय परिस्थितियों के मामले में त्वरित कार्यवाही

दिनेश शर्मा अधिकारी/ परिष्कार पत्रिका

झुंझुनू। झुंझुनू जिले की ग्राम पंचायत चूड़ी चटपुरा, वार्ड संख्या-3 थाना मुकुन्दगढ़ में दो नाबालिग भाई-बहन के साथ हो रही उपेक्षा एवं अमानवीय परिस्थितियों के मामले में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डीएलएसए झुंझुनू ने संवेदनशीलता दिखाते हुए त्वरित व प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की है।

समाजसेवी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र को माननीय जिला एवं सत्र न्यायालय, झुंझुनू द्वारा अग्रेषित किए जाने के पश्चात सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने मामले की गंभीरता को तुरंत संज्ञान में लिया। बिना किसी विलंब के प्रकरण को नियमानुसार चाइल्ड हेल्पलाइन जिला बाल संरक्षण इकाई को अग्रेषित कर स्पष्ट निर्देश दिए गए कि नाबालिग बच्चों के हित में तत्काल कार्यवाही की जाए तथा अनुपालना रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।

डीएसएलए की इस सक्रिय पहल के परिणामस्वरूप बाल कल्याण समिति सीडब्ल्यूसी झुंझुनू द्वारा विशेष न्याय बालकों की देख-रेख एवं संरक्षण अधिनियम-2015 के अंतर्गत आवश्यक आदेश पारित किए गए। आदेशानुसार दोनों नाबालिग बच्चों को समिति के समक्ष प्रस्तुत कर उनकी स्थिति की जाँच की जाकर उन्हें सुरक्षित रूप से बालक गृह एवं सखी वन स्टॉप सेंटर में रखकर संरक्षण एवं लालन-पालन की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सचिव ने बताया कि ये बच्चे हमारे समाज और देश का भविष्य हैं। यदि किसी के साथ अन्याय या उपेक्षा होती है, तो विधिक सेवा प्राधिकरण उसकी रक्षा के लिए पूरी मजबूती से खड़ा रहेगा। इस प्रकरण में भी बच्चों के सर्वोत्तम हित में त्वरित कदम उठाए गए हैं।

राजस्थान विश्वविद्यालय ने 80वां स्थापना दिवस गरिमामयी एवं उत्सवपूर्ण वातावरण में मनाया

कुलगुरू ने विश्वविद्यालय की विरासत, उपलब्धियों और भविष्य की दिशा को रेखांकित किया

ब्यूरो चीफ रविसिंह किरार / परिष्कार पत्रिका

जयपुर। राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर ने अपना 80वाँ स्थापना दिवस भव्य, गरिमामयी एवं उत्सवपूर्ण वातावरण में मनाया। इस अवसर पर आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि अर्जुन राम मेघवाल केन्द्रीय मंत्री विधि एवं न्याय मंत्रालयए भारत सरकार रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में बाबूलाल, प्रान्त प्रचारक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जयपुर प्रान्त की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस पावन अवसर पर प्रोफेसर भगवती प्रसाद सारस्वत, कुलगुरु, कोटा विश्वविद्यालय तथा डॉ ओमप्रकाश बैरवा, आयुक्त कॉलेज शिक्षा की गरिमामयी उपस्थिति रही। समारोह को संबोधित करते हुए कुलगुरु प्रो अल्पना कटेजा ने कहा कि राजस्थान विश्वविद्यालय न केवल राजस्थान का सबसे प्राचीन एवं प्रतिष्ठित उच्च शिक्षण संस्थान है, बल्कि यह ज्ञान, नैतिक मूल्यों और सामाजिक चेतना का सशक्त केन्द्र भी रहा है। उन्होंने विश्वविद्यालय की स्थापना 8 जनवरी 1947 को राजपूताना विश्वविद्यालय के रूप में होने तथा इसके गौरवशाली ऐतिहासिक सफर का उल्लेख किया। कुलगुरु ने विश्वविद्यालय के ध्येय वाक्य धर्मों विश्वस्य जगतः प्रतिष्ठा की व्याख्या करते हुए कहा कि यह भारतीय ज्ञान परम्परा का वह वैश्विक सन्देश है, जो मानवता को नैतिक दिशा प्रदान करता है।

उन्होंने विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलगुरु डॉ जी एस महाजनी के दूरदर्शी योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि उनके विचार आज भी विश्वविद्यालय के मूल दर्शन और कार्यसंस्कृति का मार्गदर्शन कर रहे हैं। कुलगुरु प्रो कटेजा ने अपने उद्बोधन में विश्वविद्यालय की अकादमिक उपलब्धियों, सामाजिक योगदान तथा प्रशासन, न्यायपालिका, राजनीति, शिक्षा, संस्कृति और खेल के क्षेत्रों में विश्वविद्यालय से निकली विशिष्ट प्रतिभाओं का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक न्याय और समावेशन राजस्थान विश्वविद्यालय के कार्य प्राथमिकताओं के केन्द्र में रहे हैं। नैक पीयर टीम द्वारा दिये गये सुझावों का उल्लेख करते हुए कुलगुरु ने कहा कि विश्वविद्यालय भविष्य में फैकल्टी भर्ती, औद्योगिक सहयोग, प्लेसमेंटए डिजिटल लर्निंग तथा रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों के विस्तार पर विशेष ध्यान देगा। उन्होंने यह भी कहा कि विकसित भारत-2047 के राष्ट्रीय संकल्प को साकार करने में राजस्थान विश्वविद्यालय बौद्धिक, सामाजिक एवं नवाचार आधारित नेतृत्वकारी भूमिका निभाने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

समारोह के मुख्य अतिथि अर्जुनराम मेघवाल, केन्द्रीय मंत्री विधि और न्याय मंत्रालय भारत सरकार ने अपने उद्बोधन में राजस्थान विश्वविद्यालय को नैक द्वारा प्रदान की गई ए ग्रेड को विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुसंधान संस्कृति, हरितपरिसर, महिलासशक्तिकरण, खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों की सुदृढ़ पुष्टि होना बताया। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सामूहिक प्रयास और प्रतिबद्धता को दिया।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि बाबूलाल प्रान्त प्रचारक राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने इस अवसर पर सम्मानित होने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना की। साथ ही कहा कि विविध क्षेत्रों में विद्यार्थियों की इन उपलब्धियों ने राजस्थान विश्वविद्यालय को एक राष्ट्रीय अग्रणी उच्च शिक्षण संस्थान के रूप में और अधिक सुदृढ़ प्रतिष्ठा प्रदान की है। इस अवसर पर आयोजित अचीवर्स फेलिसिटेशन कार्यक्रम में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के दौरान खेल, शिक्षा, एनसीसी, ललित कला एवं व्यावसायिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 100 से अधिक विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। साथ ही विश्वविद्यालय की यात्रा में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले सेवानिवृत्त प्रोफेसर्स, पूर्व कुलपतियों एवं पूर्व विद्यार्थियों को भी उनके विशिष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। जिन विद्यार्थियों की राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय उपलब्धियों विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। उनमें से प्रमुख हैं अवनि लेखरा ने 2025 पैरा शूटिंग वर्ल्ड कप में स्वर्ण पदक जीतकर विश्वविद्यालय को वैश्विक पहचान दिलाई, जबकि एनसीसी कैडेट मोनिका ने माउंट एवरेस्ट पर सफल आरोहण कर ऐतिहासिक उपलब्धि अर्जित की। प्रो रेशमा बूलचंदानी, समन्वयक आईक्यूएसी ने समारोह के अन्त में सभी अतिथिगणों एवं आगन्तुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ रूपावास के बंशीपहाड़पुर क्षेत्र में बड़ी कार्यवाई

भरतपुर जोन में 93 कार्रवाई में पोकलेन सहित 56 वाहन मशीनरी जब्त

जोन में 10 एफआईआर, 8 गिरफ्तारी, 33764 टन खनिज जब्त, 29.55 लाख जुर्माना वसूला

दिनेश शर्मा अधिकारी/ परिष्कार पत्रिका

खोरी। खनिज विभाग रुपवास की टीम ने रुपवास तहसील के तिगर्रा खोरी गांव में अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए पोकलेन मशीन, खनन कार्य में उपयोग में लिया जाने वाला पम्प युक्त ट्रेक्टर और वाहन जब्त किये हैं। अधीक्षण खनि अभियंता सुनील कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में सहायक खनि अभियंता रुपवास संजय शर्मा ने बड़ी कार्रवाई में बंशीपहाड़पुर क्षेत्र में अवैध खनन पर मशीन जब्ती और खननकर्ताओं के खिलाफ रुदावल थाने में एफआईआर दर्ज कराने की कार्रवाई की है। रुपवास सहायक खनि अभियंता संजय शर्मा की रूपवास की टीम मय जाब्ता पुलिस थाना रूदावल द्वारा खनिज सेण्डस्टोन की अवैध खनन के खिलाफकार्यवाही की गई जिसमें एक पोकलेन मशीन, एक ट्रोला एवं एक टैक्टर पम्प जब्त किये है। पुलिस थाना रूदावल की सूपूवर्गी में दिये गये एवं अवैध खननकताओं के विरूद्ध पुलिस थाना रूदावल में एफआईआर 18/2026 दर्ज कराई गयी। अभियान के दौरान भरतपुर जोन में अब तक 93 कार्रवाई करते हुए 10 एफआईआर दर्ज कराई गई है जिसमें से 9 एफआईआर करौली व एक एफआईआर रुपवास में दर्ज हुई है। इसी तरह से जोन में करौली में 8 गिरफ्तारियां भी हुई है। जोन में

सवाईमाधोपुर में 33743 टन अवैध भण्डारित खनिज सहित 33764 टन खनिज जब्त किया जा चुका है। एक पोकलेन मशीन सहित 56 वाहन जब्त करने के साथ ही 29 लाख 55 हजार रुपए की जुर्माना राशि राजकोष में जमा हो चुकी है। जोन में सवाईमाधोपुर में 41, रुपवास में 22, करौली में 14 और डीग भरतपुर में 16 कार्रवाई की गई है। राज्य सरकार द्वारा अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाईयां जारी है। मुख्यालय स्तर पर अतिरिक्त निदेशक डॉ धर्मेन्द्र लोहार समन्वय कर रहे हैं।

राजस्थान सरकार

भारतीय लोकतंत्र के सजग प्रहरी,
माँ भारती के अनन्य सेवक एवं
सुशासन के युग-प्रवर्तक

भारत रत्न
श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी
की पावन जयंती पर सादर नमन

2 साल
नव उत्थान - नई पहचान
बढ़ता राजस्थान - हमारा राजस्थान

श्री भजनलाल शर्मा
माननीय मुख्यमंत्री
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

सुशासन दिवस
25 दिसम्बर, 2025
की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक मंगलकामनाएं

श्रद्धेय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के सुशासन, अंत्योदय और राष्ट्र-सेवा के आदर्श आज भी हमें मार्गदर्शन देते हैं। सुशासन दिवस पर उनके विचारों को नमन।

भजनलाल शर्मा, मुख्यमंत्री

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान

राजस्थान संवाद

मुख्यमंत्री ने किया नो योर आर्मी प्रदर्शनी का उद्घाटन

अत्याधुनिक उपकरण, हथियारों और युद्ध करने के तौर तरीकों से आमजन होंगे रूबरू

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सशस्त्र सेनाओं का आधुनिकीकरण अभूतपूर्व गति से बढ़ा

भारतीय सेना हर देशवासी की ढाल और राष्ट्र की आत्मा : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

मुख्यमंत्री ने वीरांगनाओं का किया सम्मान

भारतीय सेना की शक्ति का हुआ लाइव डेमोंस्ट्रेशन

ब्यूरो चीफ रविसिंह किरार (विवि)/ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 78वें सेना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों के अन्तर्गत गुरुवार को भवानी निकेतन शिक्षा समिति परिसर में चार दिवसीय नो योर आर्मी प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। उन्होंने प्रदर्शनी में सेना के आधुनिक उपकरणों और हथियारों का अवलोकन भी किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नो योर आर्मी प्रदर्शनी में अत्याधुनिक उपकरणों और युद्ध करने के तौर तरीकों की झलक मिलेगी। आमजन समझेंगे कि कैसे हमारी सेना दिन-रात सुरक्षा में तत्पर रहती है। उन्होंने कहा कि सेना दिवस परेड पहली बार सैन्य छावनी की सीमाओं से बाहर जयपुर में आयोजित हो रही है। इस परेड के माध्यम से नागरिक भारतीय सेना के अनुशासनए शौर्य और बलिदान के साथ-साथ सैन्य शक्ति से रूबरू होंगे।

सेना के जवान हर मोर्चे पर मुस्तैद : शर्मा ने कहा कि भारतीय सेना हर देशवासी की ढाल, हर परिवार का भरोसा और राष्ट्र की आत्मा है। रेगिस्तान से लेकर बर्फीलेसियाचीन तक हर मोर्चे पर हमारे जवान मुस्तैद खड़े हैं, ताकि देश के नागरिक सुरक्षित रहें। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन पराक्रम, ऑपरेशन रक्षक और ऑपरेशन सिंदूर जैसे अभियानों के माध्यम से भारतीय सेना ने दिखाया कि वह आक्रामकता का माकूल जवाब देना जानती है।

ऑपरेशन सिंदूर : आतंकवाद के खिलाफदेश की प्रतिबद्धता का प्रतीक

मुख्यमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में दुनिया ने आतंकवाद के खिलाफ हमारे देश की प्रतिबद्धता को देखा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर शुरू किए गए मिशन सुदर्शन चक्र के अन्तर्गत आज हमारा देश किसी भी खतरे का सटीक और शक्तिशाली जवाब देने में सक्षम है। शर्मा ने कहा कि राजस्थान वीरों की कर्मभूमि और जन्मभूमि है। इस भूमि ने परमवीर चक्र विजेता पीरू सिंह, परमवीर चक्र विजेता मेजर शैतान सिंह और लेफ्टिनेन्ट जनरल सगत सिंह जैसे पराक्रमी योद्धाओं को जन्म दिया।

भारत का रक्षा उत्पादन 1.51 लाख करोड़ रूपये के रिकॉर्ड स्तर पर : शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत की सशस्त्र सेनाओं का आधुनिकीकरण अभूतपूर्व गति से आगे बढ़ा है। उन्होंने मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत रक्षा उत्पादन में स्वदेशीकरण को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में भारत का वार्षिक रक्षा उत्पादन रिकॉर्ड स्तर पर जाकर अब 1.51 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। वहीं, इस दौरान भारत का रक्षा निर्यात सर्वकालिक उच्च स्तर पर 23 हजार 622 करोड़ रुपये रहा है।

पुलवामा हमले के आश्रितों को दिए आवास : मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी डबल इंजन की सरकार ने द्वितीय विश्व युद्ध के नॉन पेंशनर पूर्व सैनिकों एवं विधवाओं को पेंशन 10 हजार रुपये से बढ़ाकर 15 हजार रुपये प्रतिमाह की, जिससे राज्य के 976 पूर्व सैनिक एवं विधवाएं लाभान्वित हुई। वीरगति प्राप्त सैनिकों के सम्मान में 43 विद्यालयों का नामकरण भी किया गया है। उन्होंने कहा कि बैटल कैज़ुअल्टी सैनिकों के 7 आश्रितों एवं 23 शौर्य पदक धारकों को कुल 750 बीघा भूमि आवंटित की गई। वहींए पुलवामा हमले में वीरगति प्राप्त केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के 5 कार्मिकों की आश्रित वीरांगनाओं को निवास भी दिए गए हैं।

भूतपूर्व सैनिकों के मानवेय में वृद्धि : शर्मा ने कहा कि पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों के पंजीकरण से लेकर राज्य सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली विभिन्न सुविधाओं के लिए नया वेब पोर्टल तैयार किया गया है। भूतपूर्व सैनिकों, आश्रितों एवं वीरांगनाओं की पेंशन संबंधी विसंगतियों के निराकरण हेतु जिला स्तर पर 418 कैम्पों का आयोजन कर 1 हजार 228 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। उन्होंने कहा कि राज्य के विभिन्न विभागों में संविदा पर नियोजित भूतपूर्व सैनिकों के मानवेय में वर्ष 2024 एवं वर्ष 2025 में 10-10 प्रतिशत की वृद्धि की गई।

प्रदर्शनी में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना द्वारा उपयोग किए गए विभिन्न आधुनिक हथियार, आर्टिलरीज और सैन्य संसाधनों का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान आधुनिक रायफलें, बैलिस्टिक मिसाइल प्रणाली, सेल्फप्रोपल्ड गन्स, टैंक, बंकर, ड्रोन एवं एंटी-ड्रोन सिस्टम्स सहित विभिन्न अत्याधुनिक सैन्य संसाधनों का प्रदर्शन किया गया। साथ ही, भारतीय सेना की मैकेनाइज्ड फोर्सेज, पैराशूटिंग गतिविधियां, स्काई डाइविंग, डॉग स्क्वॉड सहित अन्य गतिविधियों का जीवंत प्रदर्शन किया गया। वहीं, **सिम्फनी बैंड** ने देशभक्ति से ओत-प्रोत प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने वीरांगनाओं को सम्मानित भी किया।

कार्यक्रम में स्कूली शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री जोराराम कुमावत, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा, राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ अरुण चतुर्वेदी, नगरीय विकास एवं स्वायत शासन मंत्री स्वतंत्र प्रभार डाबर सिंह खर्रा, गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम, सैनिक कल्याण राज्य मंत्री विजय सिंह, मुख्य सचिव वी श्रीनिवास, सप्त शक्ति कमान के आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनप्रिंदर सिंह, चीफऑफ स्टॉफलेफ्टिनेंट जनरल एचएस वांदरा, पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा सहित भारतीय सेना के वरिष्ठ अधिकारी, सैनिक, एनसीसी कैडेट्स और बड़ी संख्या में गणमान्य आमजन उपस्थित रहे।

चाइनीज मांझे के विक्रय, भंडारण एवं उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध के आदेश जारी

पतंग उड़ाने के लिए केवल सुरक्षित एवं वैकल्पिक सूती धांगों का ही उपयोग करें : पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत

ब्यूरो चीफ रविसिंह किरार (विवि)/ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। मकर संक्रांति के अवसर पर पतंगबाजी के दौरान आमजन एवं पशु-पक्षियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा नायलॉन/सिंथेटिक सामग्री से बने चाइनीज मांझे तथा कांच अथवा लोहे के चूर्ण से लेपित घातक धागों के विक्रय, भंडारण एवं उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध के आदेश जारी किए गए हैं। पशुपालन एवं गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने प्रदेशवासियों को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मकर संक्रांति हमारा पारंपरिक पर्व है, लेकिन हमारी खुशी किसी बेजुबान पक्षी की चोट या मृत्यु का कारण नहीं बननी चाहिए। चाइनीज मांझे से होने वाली दुर्घटनाओं एवं पशु-पक्षियों की दर्दनाक मृत्यु किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने आमजन से अपील है कि पतंग उड़ाने के लिए केवल सुरक्षित एवं वैकल्पिक सूती धागों का ही उपयोग करें तथा सुबह-शाम के समय, जब पक्षियों की आवाजाही अधिक होती है, पतंगबाजी से परहेज करें।

पशुपालन विभाग के शासन सचिव डॉ समित शर्मा ने बताया कि इस संबंध में एनजीटी के आदेशों के अनुरूप सभी जिला कलेक्टरों एवं पुलिस विभाग को प्रतिबंध आदेशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराने तथा उल्लंघनकर्ताओं के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही सभी जिलों में विशेष पक्षी चिकित्सा एवं बचाव शिविर लगाने तथा व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश भी जारी किए गए हैं।

विभाग ने आमजन से अपील की है कि पक्षियों की उड़ान के प्रमुख समय सुबह 6 से 8 बजे तथा शाम 5 से 7 बजे के दौरान पतंगबाजी से परहेज करें।

पाराशर चिल्ड्रन पैराडाइज में हर्षोल्लास से मनाया क्रिसमस पर्व और नव वर्ष

ब्यूरो चीफ हेमलता किरार/ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। पाराशर चिल्ड्रन पैराडाइज पब्लिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल में क्रिसमस और नव वर्ष का पर्व बड़ी धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया।

विद्यालय के निदेशक ने बताया कि हर वर्ष की भांती इस वर्ष भी क्रिसमस का पर्व विद्यालय प्रांगण में हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर छोटे विद्यार्थी सांता क्लास बने। सभी ने सांता क्लास की ड्रेस पहन कर विद्यालय प्रांगण को क्रिसमसमय बना दिया। विद्यालय में क्रिसमस ट्री लगाया गया, जिसमें सभी बालक-बालिकाओं ने विभिन्न मुद्रा में फोटो खिचवाएं। इस अवसर पर बच्चों टॉफियां केक वितरित किया गया।

निदेशक रामलाल पाराशर ने बताया विद्यालय परिवार को क्रिसमस कार्यक्रम की तैयारियों के लिए हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए सभी का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर नन्हें-मुन्ने बच्चों ने खूब आनंद लिया और मुंह मीठा किया।

गोविंद गुरु जनजातीय विश्व विद्यालय का सप्तम दीक्षांत समारोह आयोजित

दीक्षांत समारोह विद्यार्थियों के नवजीवन में प्रवेश का आनंदोत्सव : राज्यपाल

ब्यूरो चीफ रविसिंह किरार (विवि)/ परिष्कार पत्रिका

बांसवाड़ा। राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरीभाऊ बागडे ने कहा कि दीक्षांत समारोह विद्यार्थियों के नवजीवन में प्रवेश का आनंदोत्सव है। उन्होंने इसके लिए सभी को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह हर्ष का विषय है कि स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले 36 विद्यार्थियों में से 25 छात्राएं हैं। उन्होंने कहा कि गरीब, पिछड़े एवं वंचित समाज को मुख्य धारा में लाने का एकमात्र साधन शिक्षा है। हमें अपनी प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है क्योंकि यह शिक्षा का मूल है। यह हमारी जिम्मेदारी है कि सबके लिए बेहतर शिक्षा उपलब्ध हो सके।

राज्यपाल बागडे गुरुवार को गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय, बांसवाड़ा के माही भवन में आयोजित सप्तम दीक्षांत समारोह में संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि विकसित भारत के लिए प्रतिभाशाली व्यक्तित्व का निर्माण करने की आवश्यकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि पढ़ाई से आपकी बौद्धिक क्षमता का विकास हुआ है, इसे और अधिक विकसित करने की आवश्यकता है। विद्यार्थियों को अज्ञीवन ज्ञान की खोज में लगे रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि सफलता के लिए आत्मविश्वास आत्मबल की आवश्यकता होती है। इसके लिए निरंतर अभ्यास एवं कठोर परिश्रम की जरूरत है। कठोर परिश्रम से हम जीवन को बेहतर बना सकते हैं। हमें जीवन में परिश्रम का निश्चय करना चाहिए।

बागडे ने कहा कि नैतिक आचरण हमारी संस्कृति और परंपरा है। दुनिया में जब कहीं कोई विश्वविद्यालय नहीं था, तब भारत में तक्षशिला व नालंदा जैसे विश्वविद्यालय थे। हमारी ज्ञान परंपरा वहां से चली आ रही है। हमें अपने पूर्व ज्ञान और इतिहास को अपनाने की आवश्यकता है। विश्वविद्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थाओं को भारत का स्वर्णिम गौरव लाने का प्रण करना चाहिए। अगर हम प्रयास करेंगे तो तक्षशिला-नालंदा का इतिहास फिर लौट कर आएगा। उन्होंने सभी से राष्ट्रभक्ति की भावना के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

समारोह में राज्यपाल द्वारा 29 विद्यावाचस्पति अभ्यर्थियों को उपाधि एवं 35 अभ्यर्थियों को उपाधि एवं स्वर्ण पदक प्रदान किया गया। राज्यपाल द्वारा स्नातक के 29397 व स्नातकोत्तर के 3903 तथा 29 विद्यावाचस्पति सहित कुल 33329 अभ्यर्थियों को दीक्षा प्रदान की गई। विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर केशव सिंह ठाकुर द्वारा स्वागत उद्बोधन और विश्वविद्यालय प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया।

बजरी माफीया की पैदाइश भी कांग्रेस शासन की देन है न टेंडर, न पारदर्शिता, माफियाओं को खुली छूट : मदन राठौड

राजनीति केवल सत्ता पाने का साधन नहीं, बल्कि उसमें आदर्श, गुणवत्ता, राष्ट्रीय चरित्र और होना चाहिए सार्वजनिक आचरण : मदन राठौड़

ब्यूरो चीफ रविसिंह किरार (विवि)/ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड ने कांग्रेसी नेताओं द्वारा की जा रही निराधार और क्षमक बयानबाजी पर कड़ा पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस की राजनीति का मूल स्वभाव ही हर घटना में राजनीति खोजने, समाज को बांटने और अपराधियों को संरक्षण देने का रहा है। राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस ने कभी भी समाज को जोड़ने का प्रयास नहीं किया, बल्कि हमेशा भड़काने और ध्रुविकरण की राजनीति की है, जिससे स्वाभाविक रूप से समाज में असंतोष और दूरियां पैदा होती हैं। एक वर्ग विशेष के लोगों द्वारा अपराध किए जाने के बावजूद उन्हें संरक्षण देना सामाजिक समरसता को नुकसान पहुंचाता है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने स्पष्ट कहा कि न्याय का सिद्धांत यह होना चाहिए कि जो भी दोषी हो, उसे दंड मिले, चाहे वह किसी भी दल या समाज से हो। अपना व्यक्ति गलत करे तो संरक्षण और दूसरा गलत करे तो कार्रवाई - यह नीति न तो लोकतांत्रिक है और न ही नैतिक। राठौड़ ने कहा कि आज देश देख रहा है कि बंगाल सहित कई राज्यों में खुलेआम हिंसा और अपराध हो रहे हैंए लेकिन कांग्रेस जैसे दल अपराधियों के पक्ष में खड़े दिखाई देते हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या इस तरह की राजनीति की आज आवश्यकता है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि राजनीति केवल सत्ता पाने का साधन नहीं, बल्कि उसमें आदर्श, गुणवत्ता, राष्ट्रीय चरित्र और सार्वजनिक आचरण होना चाहिए। जनता उसी राजनीति को पसंद करती है जो व्यवहारए विचार और कार्य - तीनों में संतुलित और नैतिक हो। भ्रष्टाचार के मुद्दे पर कांग्रेस को घेरते हुए राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस और भ्रष्टाचार एक-दूसरे के पर्याय बन चुके हैं। 2जी स्पेक्ट्रम घोटाला, पनडुब्बी घोटाला, जीप घोटाला, बोफोर्स घोटाला, चारा घोटाला-सूची इतनी लंबी है कि कहा जा सकता है आकाश से पाताल तक घोटाले ही घोटाले कांग्रेस की पहचान रहे हैं। उन्होंने याद दिलाया कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व गृह मंत्री सुशील कुमार शिंदे ने महाराष्ट्र में सार्वजनिक मंच से यह तक कह दिया था कि घोटाले हो रहे हैं, चिंता मत करो, जनता भूल जाती है। इससे कांग्रेस की सोच और मानसिकता पूरी तरह उजागर हो जाती है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस ने कभी भी भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने का ईमानदारी से प्रयास नहीं किया। बजरी माफिया की पैदाइश भी कांग्रेस शासन की देन है - न टेंडर, न पारदर्शिता, माफियाओं को खुली छूट। इसके विपरीत भाजपा सरकार ने बजरी माफिया पर सख्त कार्रवाई करते हुए गिरफ्तारी, दंड और नियंत्रण की नीति अपनाई है। पूर्ववर्ती गहलोत शासन पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि उस समय अपराध और भ्रष्टाचार चरम पर थे। बजरी माफिया पनपे, आम नागरिकों को सड़कों पर कुचला गया, सड़कों पर खून बहा। गहलोत को दूसरों पर आरोप लगाने से पहले अपने शासनकाल की ओर देखना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री रहते हुए गहलोत के सामने ही तत्कालीन मंत्री डोटासरा पर शिक्षकों ने खुलेआम पैसे लेने-देने के गंभीर आरोप लगाए थे। कांग्रेस को पहले इन सवालों का जवाब देना चाहिए। राठौड़ ने दो टूक कहा कि भाजपा में न तो अपराधियों को संरक्षण मिलता है और न ही भ्रष्टाचार को सहन किया जाता है। भाजपा की राजनीति विकास, सुशासन और न्याय पर आधारित है और आगे भी जनता के विश्वास पर खरी उतरती रहेगी।

रावत पब्लिक स्कूल प्रताप नगर की स्पोर्ट्स मीट स्पीड का रंगारंग आयोजन

ब्यूरो चीफ हेमलता किरार/ भव्य परिष्कार

जयपुर। रावत पब्लिक स्कूल प्रताप नगर की वार्षिक स्पोर्ट्स मीट स्पीड का आयोजन समारोह संपूर्ण जोश उत्साह एवं उमंग के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि रेलवे सेवा के प्रमुख अधिकारी पब्लिक रिलेशन ऑफिसर शशि किरण एवं पार्षद विनोद शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में प्राइमरी एवं मिडिल विंग के 800 से अधिक विद्यार्थियों के साथ-साथ बड़ी संख्या में अभिभावक एवं गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही।

विद्यार्थियों द्वारा नवाचार युक्त गतिविधियों जैसे ड्रैगन परेड, ट्रेन परेड आदि प्रस्तुत की गई, जिसने सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम, ताइक्वांडो प्रदर्शन एवं योगा, पीटी का शानदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए भी डांस प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम में सप्ताह भर चली खेल गतिविधियों एवं कल्चरल एक्टिविटीज के प्राइज दिए गए। 200 से अधिक विद्यार्थियों को मेडल एवं पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रावत एजुकेशनल ग्रुप के निदेशक नरेंद्रसिंह रावत ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यालय द्वारा प्रतिवर्ष स्पोर्ट्स मीट का आयोजन पूरे हर्षोल्लास एवं खेल भावना के साथ किया जाता है। उन्होंने बताया कि रावत पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी हर वर्ष सीबीएसई क्लस्टर प्रतियोगिताओं में योगए ताइक्वांडो एवं एथलेटिक्स में स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय को गौरवान्वित करते हैं।

उन्होंने सभी खिलाड़ियों का हौसलाअफजाई करते हुए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्राचार्या मैत्रेयी शुक्ल एवं एकेडमिक हेड राजेश कंथारिया ने सभी अतिथियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इसी दिन विद्यालय में ब्रिटिश काउंसिल की गतिविधि कलनरी आर्ट मेला भी आयोजित हुआ जिसमे बच्चों ने नेपाल, इंडिया एवं मेक्सिको की विभिन्न डिशेज बनाई जिसे आमंत्रित किए गए शेफस ने जज भी किया। सभी विजेताओं को एलुअल-डे इत्र में पुरुस्कृत किया जायेगा।

नए साल 2026 में नई उम्मीदें

ब्यूरो चीफ हेमलता किरार/ भव्य परिष्कार

जयपुर। नया साल अपने साथ नई उम्मीदें लेकर आता है। एक ताजगी, एक खूबसूरती, एक सपना, एक सच्चाई, एक कल्पना, एक एहसास, आस्था एक विश्वास ये ही है एक अच्छे साल की शुरुआत। नया साल एक नई शुरुआत को दर्शाता है और हमेशा आगे बढ़ने की सीख देता है। शीला विजय वर्गीय ने बताया जिस प्रकार हम नये साल का स्वागत बड़े उत्साह से और खुशी से करते हैं, उ स ी प्रकार जीवन में बीते समय को लेकर कभी दुखी नहीं होना चाहिए। पुराने साल में हमने जो भी किया सफल या असफल हुए उससे सीख लेकर हमें नई उम्मीदों के साथ आगे बढ़ना चाहिए और आने वाले साल को बेहतर बनाने की कोशिश करनी चाहिए। शारीरिक और मानसिक रूप से एक्टिव रहने के लिए हमें नए साल में कुछ संकल्प लेने चाहिए जैसे - नियमित एक्साइज, हेल्दी खाना और हमें अपने लक्ष्य पर फोकस करना चाहिए। यह सब चीज हमारे नए साल को और बेहतर बना सकती है।

राजस्थान में डिजिटल हेल्थ और एआई के क्रियान्वयन पर क्षेत्रीय राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस आयोजित

स्वास्थ्य सेवाओं में एआई के नैतिक और साक्ष्य आधारित विस्तार पर दिया जोर

ब्यूरो चीफ रविसिंह किरार / परिष्कार पत्रिका

जयपुर। आईआईएचएमआर स्टार्टअप्स, जयपुर द्वारा गुरुवार को राजस्थान डिजिटल हेल्थ रिसर्च एवं एआई कार्यान्वयन रणनीति विषय पर एक दिवसीय क्षेत्रीय राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। कॉन्फ्रेंस की अध्यक्षता राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एनएचएम, राजस्थान के मिशन निदेशक डॉ अमित यादव ने की।

सम्मेलन में सरकार, शिक्षा जगत, स्वास्थ्य सेवा, उद्योग तथा सिविल सोसाइटी के विषय विशेषज्ञों ने शिरकत की। परामर्श बैठक में चर्चाओं के माध्यम से राज्य की स्वास्थ्य प्राथमिकताओं के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करने पर विचार-विमर्श किया गया।

कॉन्फ्रेंस की अध्यक्षता करते हुए मिशन निदेशक डॉ अमित यादव ने डिजिटल हेल्थ और एआई पहलों को राजस्थान की सार्वजनिक स्वास्थ्य प्राथमिकताओं के साथ जोड़ने पर बल दिया। उन्होंने जमीनी स्तर की चुनौतियों और कार्यान्वयन की वास्तविकताओं को साझा करते हुए कहा कि तकनीकी नवाचारों को सिस्टम की तैयारियों और नैतिक मापदंडों के साथ संरेखित करना अनिवार्य है। डॉ यादव ने राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं में कौशल उन्नयन सके लिए सरकारी सहयोग के अवसरों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। तकनीकी सत्र के दौरान डॉ बी लाल क्लीनिकल लेबोरेटरी के सीटीओ अविनाश ने स्वास्थ्य क्षेत्र में एआई के सीमित प्रभाव पर चर्चा की। उन्होने डेटा की खराब गुणवत्ता, मानकीकरण की कमी और एकीकरण की चुनौतियों को एआई अपनाने के मार्ग में मुख्य बाधा बताया। आईआईएचएमआर यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष एवं आईआईएचएमआर फाउंडेशन के निदेशक डॉ पी आर सोडानी ने कहा कि जिम्मेवार एआई के लिए मजबूत शासन ढांचे की आवश्यकता है। उन्होंने शैक्षणिक और अनुसंधान संस्थानों की भूमिका को रेखांकित किया। सम्मेलन के विभिन्न सत्रों का संचालन आईआईएचएमआर यूनिवर्सिटी के वरिष्ठ फैकल्टी सदस्यों डॉ स्वप्निल गढ़वे, डॉ पियूषा मजूमदार, डॉ रितु वशिष्ठ, डॉ विनोद कुमार एस वी तथा डॉ काजल सितलानी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के सफल समन्वय में आईआईएचएमआर स्टार्टअप्स टीम के अभिषेक गुप्ता, कुशल पारेख और शिवम वर्मा का विशेष योगदान रहा।

नरेन्द्र सिंह परमार संयोजक निर्वाचित

ब्यूरो चीफ रविसिंह किरार/ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। राजस्थान अभियोजन अधिकारी एसोसिएशन के द्विवार्षिक चुनाव 2025-27 में नरेन्द्र सिंह परमार संयोजक के पद पर निर्वाचित हुए। जयपुर के बनीपार्क कोर्ट परिसर में आयोजित हुए राजस्थान अभियोजन अधिकारी एसोसिएशन के द्विवार्षिक चुनाव में कुल 455 अभियोजन कैडर अधिकारी मतदाताओं ने मतदान किया।

इस अवसर पर सभी मित्रों और परिवारजनों ने नरेन्द्र सिंह परमार को संयोजक के पद पर चुने जाने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। इस चुनाव में अध्यक्ष प्रतिभा पुरोहित तीसरी बार अध्यक्ष निर्वाचित हुई। उपाध्यक्ष विनोद कुमार चौहान, जगमोहन, महासचिव संदीप मूंड, कोषाध्यक्ष पंकज यादव, संयोजक नरेन्द्र परमार और संगठन मंत्री क्रांती जैन निर्वाचित हुए।

निराश्रित जन सेवा में दान भावना से आत्मा संदेननशील पवित्र और शक्तिशाली बनती है : यश

ओऊमाश्रय सेवा धाम में की यज्ञशाला में चार सीमेंट बैंच लगवाई हुई गाजर हलवा खीर प्रसादी

ब्यूरो चीफ रविसिंह किरार/ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। शिव विहार कालोनी मुहाना स्थित निराश्रित जन सेवार्थ ओऊमाश्रय सेवा धाम में ए वी सिंघल परिवार ने जहां चार सीमेंट बैंच लगवाई वहीं आध्यात्मिकता में प्रविष्ट सतीश गोयल ने गाजर हलवा खीर नमकीन की प्रसादी तथा पुष्प लता रावत ने संक्रांति पर्व पर प्रभुजनों को भोजन प्रसादी व्यवस्था की। ओऊमाश्रय सचिव डॉ प्रमोद पाल ने बताया कि इस अवसर पर स्वस्ति यज्ञ वैदिक चिंतक ओऊमाश्रय संस्थापक यज्ञपाल यज्ञ के बृहमत्व में समप्रज्ञ हुआ।

यश ने जहां यज्ञ का वैज्ञानिक आध्यात्मिक पारिवारिक सामाजिक महत्त्व समझाया वहीं कहा कि निराश्रित जन सेवा में दान भावना से आत्मा संवेदनशील पवित्र और शक्ति शाली बनती है।यज्ञ ने कहा कि धन की तीन गति दान भोग और नाश हैं। यश ने कहा कि दान करने वाले को कभी कोई अभाव नहीं रहता जबकि भोग रोगों का कारण बनते हैं, धन का नाश अनेक संकटों को साथ लाता है। यश ने कहा कि सकल उत्तम सामग्री और सभी प्राप्त सामर्थ्य को ईश्वर के जीवों को समर्पित करना ही विशेष भक्ति कहलाती है। यज्ञशाला में वैच स्थापना कार्यम में ए वी सिंघल अनिता सिंघल सतीश गोयल अभिषेक अग्रवाल पंकज गोयल पुष्प लता रावत आर ए गोयल एस सी तिवारी, डॉ प्रणव गोयल हरिमोहन रावत राम रतन सिंह बैंक मैनेजर सोनिका रावत सहित अनेक गणमान्य मौजूद रहे। इस अवसर पर दानदाताओं को वैदिक मंत्रों से पुष्प वर्षा कर आशीर्वाद दिया गया।

सक्षम जयपुर अभियानः बस्सी में नारी चौपाल बना महिला सशक्तिकरण का सशक्त मंच

हजारों महिलाओं की भागीदारी, आत्मनिर्भता और नेतृत्व का जीवंत प्रदर्शन

जिला कलक्टर डॉ जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर हुआ आयोजन
जयपुर जिले के सभी उपखण्डों में चरणबद्ध रूप से हो रहा नारी चौपाल कार्यक्रम

ब्यूरो चीफ रविसिंह किरार / परिष्कार पत्रिका

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा के अनुरूप जयपुर जिले में महिला सशक्तिकरण को सशक्त आधार देने की दिशा में सक्षम जयपुर अभियान के तहत नारी चौपाल कार्यक्रम प्रभावी भूमिका निभा रहे हैं। जिला प्रशासन द्वारा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत उपखण्ड स्तर पर आयोजित इन चौपालों ने महिलाओं को संवाद, सहभागिता और आत्मनिर्भरता का सशक्त मंच प्रदान किया है। इसी क्रम में जिला कलक्टर डॉ जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशानुसार बुधवार को बस्सी उपखण्ड में नारी चौपाल का भव्य आयोजन उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में हजारों महिलाएं एवं बालिकाओं की सहभागिता ने आयोजन को प्रेरणादायी बना दिया।

महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक डॉ राजेश डोगीवाल ने बताया कि भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी मृणाल कुमार एवं उपखण्ड अधिकारी डॉ गरिमा शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित चौपाल में महिलाओं ने आत्मविश्वास, हुनर और नेतृत्व क्षमता का प्रभावी प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान मारवाड़ी लोकगीत, लोकनृत्य, नुक्कड़ नाटक एवं आत्मरक्षा प्रशिक्षण जैसी प्रस्तुतियों ने चौपाल को जीवंतता प्रदान की। हम होंगे कामयाब और ख्वेरा काम - मेरा सम्मान जैसी प्रस्तुतियों के माध्यम से महिलाओं ने स्वावलंबन और आत्मनिर्भरता का सशक्त संदेश दिया। विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि हासिल करने वाली महिलाओं द्वारा अनुभव साझा किए जाने से उपस्थित प्रतिभागियों को आगे बढ़ने की नई प्रेरणा मिली।

नारी चौपाल में महिला एवं बाल विकास, चिकित्सा, शिक्षा, पुलिस, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने महिलाओं से सीधे संवाद कर स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा, पोषण, स्वरोजगार और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। मौके पर लगाए गए सहायता काउंटरों के माध्यम से महिलाओं को योजनाओं से जुड़ा मार्गदर्शन और सहयोग भी उपलब्ध कराया गया।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं ने सक्षम जयपुर अभियान के समर्थन में हस्ताक्षर किए तथा बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ की शपथ ली।

नोडल अधिकारी एवं भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी मृणाल कुमार द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया।

डॉ डोगीवाल ने बताया कि नारी चौपाल का उद्देश्य महिलाओं को जागरूकए सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है। इन चौपालों के माध्यम से महिलाओं की समस्याओं और सुझावों को गंभीरता से सुना जा रहा हैए जिससे नीति एवं क्रियान्वयन में सकारात्मक बदलाव संभव हो रहा है।

उन्होंने बताया कि जिला कलक्टर डॉ जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशानुसार जयपुर जिले के सभी उपखण्डों में नारी चौपाल कार्यक्रम चरणबद्ध रूप से आयोजित किए जाएंगे। नारी चौपाल केवल संवाद का मंच नहीं, बल्कि यह महिलाओं को आत्मविश्वास, मार्गदर्शन और प्रोत्साहन प्रदान करने की एक सशक्त पहल है, जो महिला सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध हो रही है।

भाव और भावना के आधार पर रोटी के प्रकार

परिष्कार पत्रिका



जयपुर। कुछ बुजुर्ग दोस्त सुबह के समय एक पार्क में बैठे हुएं विभिन्न मुद्दों पर चर्चा कर थे। वहीं पर बातों-बातों में रोटी की बात चल गई।

तभी एक दोस्त बोला- जानते हो कि रोटी कितने प्रकार की होती है?

तो दोस्तों में किसी ने मोटी, पतली, गोल, चौकोर तो किसी ने कुछ और ही प्रकार की रोटी के बारे में बतलाया।

तब एक दोस्त ने कहा कि नहीं दोस्तों **भावना और कर्म के आधार से रोटी चार प्रकार** की होतीं हैं।

पहली सबसे स्वादिष्ट रोटी माँ की ममता और वात्सल्य से भरी हुई। जिससे पेट तो भर जाता है, पर मन कभी नहीं भरता।

एक दोस्त ने कहा- लेकिन आप सच, पर शादी के बाद माँ की रोटी कम ही मिलती है। उन्होंने आगे कहा हाँ वही तो बात है।

दूसरी रोटी पत्नी के हाथ की होती है जिसमें अपनापन और समर्पण भाव होता है जिससे पेट और मन दोनों भर जाते हैं।

एक दोस्त ने कहा- क्या बात कही है यार ऐसा तो हमने कभी सोचा ही नहीं।

फिर तीसरी रोटी किसकी होती है? एक दोस्त ने सवाल किया।

तीसरी रोटी बहू की होती है जिसमें सिर्फ कर्तव्य का भाव होता है जो कुछ कुछ स्वाद भी देती है और पेट भी भर देती है और वृद्धाश्रम की परेशानियों से भी बचाती है।

थोड़ी देर के लिए वहाँ चुप्पी छा गई। लेकिन ये चौथी रोटी कौन सी होती है मौन तोड़ते हुए एक दोस्त ने पूछा?

चौथी रोटी नौकरानी की होती है। जिससे ना तो इन्सान का पेट भरता है न ही मन तृप्त होता है और स्वाद की तो कोई गारंटी ही नहीं है।

तो फिर हमें क्या करना चाहिये?

माँ की हमेशा पूजा करो, पत्नी को सबसे अच्छा दोस्त बना कर जीवन जिओ, बहू को अपनी बेटी समझो और छोटी-मोटी गलतियाँ नज़र अंदाज कर दो। बहू खुश रहेगी तो आपको जीतेजी घर में ही स्वर्ग का आनंद मिलेगा।

यदि हालात चौथी रोटी तक ले ही आये तो भगवान के शुकराना करो कि उसने हमें ज़िन्दा रखा हुआ है, अब स्वाद पर ध्यान मत दो केवल जीने के लिये बहुत कम खाओ ताकि आराम से बुढ़ापा कट जाये और सोचो कि वाकई, हम कितने खुशकिस्मत हैं।

यह वरिष्ठजनों का ज्ञानवर्धक वार्तालाप है, आपको अच्छा लगेगा।

श्रवण सिंह, जयपुर

सेवा सुख संस्थान द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन

ब्यूरो चीफ हेमलता किरार/ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। सेवा सुख संस्थान के तत्वावधान में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में समाजसेवा की भावना से प्रेरित नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान कुल 18 यूनिट रक्त एकत्र किया गया, जिसे आवश्यकता पड़ने पर मरीजों की जान बचाने के लिए उपयोग में लाया जाएगा। कार्यक्रम में विपिन मित्तल, अंकित खंडेलवाल, राकेश दिलीप सिंह, योगेश शर्मा, स्वीना शर्मा एवं राहुल शर्मा राम गोपर, राहुल देव शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही। संस्थान के सचिव चंद्रेश ने कहा कि रक्तदान महादान है और ऐसे आयोजन समाज में मानवीय संवेदनाओं को मजबूत करते हैं। रक्तदान की प्रक्रिया चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की देखरेख में संपन्न कराई गई, जिससे रक्तदाताओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। इस अवसर पर ब्लड बैंक काउंसलर ज्योति बुनकर ने उपस्थित लोगों को रक्तदान के लाभों की जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

प्रकाशन के लिए सम्पर्क करें

सभी प्रकार की खबरें, पर्सनल इंटरव्यू, स्टोरीज, क्लासिफाइड एडवर्टिजमेंट, कोर्ट नोटिस, सभी तरह के विज्ञापन, शुभकामनाएं व शोक संदेश, तीये की बैठक, श्रद्धांजलि, पुण्यतिथि, बधाई संदेश, सजावटी विज्ञापन, खोयापाया सूचना, निविदा सूचना, आम सूचना, आवश्यकता, नाम परिवर्तन, वैवाहिक, प्रेस विज्ञप्ति और प्रेस कॉन्फ्रेंस की न्यूज इत्यादि प्रकाशित करवाने के लिए सम्पर्क करें।

समाचार पत्र में कार्य करने हेतु संवाददाता एवं फोटो जर्नलिस्ट जयपुर, अजमेर, जोधपुर, सीकर के लिए सम्पर्क करें।

: परिष्कार मीडिया नेटवर्क :

ब्रांच ऑफिस : शॉप नं. 2, प्लाट नं. 36, भैरव नगर, ईएसआई हॉस्पीटल के आगे, हटवाड़ा रोड़, जयपुर-302006

मो. 9314407796, 9351311820

www.parishkarpatrika.com

parishkarpatrika@gmail.com

हार्दिक शुभकामनाएं

हेमलता किरार एवं रवि सिंह किरार
प्रधान संपादक संपादक

सभी पाठकों एवं सभी प्रदेशवासियों को परिष्कार पत्रिका परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं एवं आभार

परिष्कार पत्रिका परिवार

जेसीबी से हरे वृक्षों की बेरहमी से कटाई, मामले में पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज

संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण प्रमुख और पुलिस अधीक्षक की मौजूदगी में लगाए गए थे।

ब्यूरो चीफ रविसिंह किरार / परिष्कार पत्रिका

टोंक। टोंक जिले की ग्राम पंचायत लांबा वाया महेंद्रवास स्थित तालाब की पाल पर वर्षों पूर्व लगाए गए सैकड़ों संरक्षित वृक्षों को जेसीबी मशीन से अवैध रूप से काटे जाने का गंभीर मामला सामने आया है। यह वृक्षारोपण संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के तत्कालीन प्रमुख एरिक सोलहेम, तत्कालीन जिला पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी, जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति में कल्पतरु संस्थान द्वारा किया गया था। तालाब के किनारे बालाजी मंदिर से मोरी तक बरगद, पीपल जैसे दीर्घायु वृक्ष लगाए गए थे तथा उनकी सुरक्षा हेतु लोहे के ट्री-गार्ड लगाए गए थे। वर्षों के संरक्षण के बाद ये वृक्ष 5 से 15 फीट तक विकसित हो चुके थे। दिनांक 3 जनवरी 2025 को एक अज्ञात ठेकेदार के निर्देश पर जेसीबी मशीन से इन संरक्षित वृक्षों को काट दिया गया, ट्री-गार्ड उखाड़ दिए गए तथा हरे पेड़ों की लकड़ी मौके से उठा ली गई। ट्रीमैन ऑफ इंडिया एवं कल्पतरु संस्थान के अध्यक्ष विष्णु लांबा आज संस्थान के प्रतिनिधि मंडल के साथ अपने पैतृक गांव लांबा पहुंचे। मौके पर निरीक्षण के दौरान हरे वृक्षों की बेरहमी से कटाई, उखाड़े गए ट्री-गार्ड तथा बड़ी मात्रा में कटी हुई हरित लकड़ी पाई गई। इसके पश्चात विष्णु लांबा ने जिला कलेक्टर टोंक कल्पना अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक टोंक राजेश मीणा सहित उच्च अधिकारियों के समक्ष उपस्थित होकर लिखित प्रार्थना पत्र सौंपा। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना महेंद्रवास पुलिस द्वारा मौके का मुआयना कर प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया गया है। विष्णु लांबा ने कहा - यह केवल पेड़ों की कटाई नहीं, बल्कि संयुक्त राष्ट्र स्तर पर हुए पर्यावरणीय प्रयास, जनभागीदारी और वर्षों की साधना पर सीधा हमला है। दोषियों पर कठोरतम कार्रवाई और पुनः वृक्षारोपण अनिवार्य है।

नव वर्ष एवं मकर संक्रांति के अवसर पर आप सभी पाठकों को हार्दिक शुभकामनाएं

हार्दिक शुभकामनाएं

श्रीमती कुमकुम
अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश कठवनी स्कीम, गोविंदपुरा, जयपुर

हार्दिक शुभकामनाएं

फादर संगीथराज एसजे
प्रिंसिपल, सेंट ज़ेवियर्स विद्यालय नेवटा जयपुर

हार्दिक शुभकामनाएं

डॉ दौलत राम माल्या
निदेशक, एवन आर्किटेक्चरल प्रा लि करतारपुरा जयपुर

हार्दिक शुभकामनाएं

फादर डॉ जॉन मैथ्यू
निदेशक, इमानुएल मिशन सी. सै. विद्यालय झोटवाड़ा जयपुर

हार्दिक शुभकामनाएं

अभिषेक गुप्ता
निदेशक, लर्निंग स्टेप सी. सै. विद्यालय हटवाड़ा रोड़ जयपुर

हार्दिक शुभकामनाएं

देवेन्द्र सैनी [संजय]
आचार्य, जय मां सरस्वती विद्यपीठ विद्यालय, पार्कव्यू कॉलोनी जयपुर

हार्दिक शुभकामनाएं

सिस्टर नॉयल डिसल्वा
निदेशक, सेंट माइकल सी. सै. विद्यालय सुभाष चौक जयपुर

हार्दिक शुभकामनाएं

घनश्याम जण्डेल
पूर्व बैंक प्रबंधक, एसबीआई, हटवाड़ा रोड़ जयपुर

हार्दिक शुभकामनाएं

रामपाल माचर
डायरेक्टर, रेवा ग्रुप केंट्रेक्शन कं. आम्बेडकर कॉलोनी दुर्गापुरा जयपुर

हार्दिक शुभकामनाएं

बाबूलाल डाबी
पूर्व महामंत्री, राजस्थान बानका समाज, विवेक विहार जयपुर

हार्दिक शुभकामनाएं

पूनम वर्मा एवं बाबूलाल वर्मा
प्रिंसिपल, कुशलगढ़ बांसवाड़ा 119 अंबेडकर नगर, आग्रस रोड़, जयपुर

हार्दिक शुभकामनाएं

उमर सिंह निर्वाण एवं प्रमिला देवी
रिटायर्ड, रेलवे विभाग, 63/34 पाल बीडला, दयाल बीड़ी के पीछे, अजमेर

हार्दिक शुभकामनाएं

मनोरमा देवी-सीताराम खनगवाल
तकनीकी अधिकारी, एफ-21, हरीमार्ग, सिविल लाईन जयपुर

हार्दिक शुभकामनाएं

मधु देवी एवं रामप्रकाश पचेरवाल
21 अम्बेडकर कॉलोनी, सोड़ाला, अजमेर रोड़ जयपुर

हार्दिक शुभकामनाएं

सुनीता देवी एवं विनोद कुमार चौहान
सेवानिवृत्त बीकेन पोलीस (एफ) इंडियन आयल ब्र. ई., बैड नं 2, अशोकपुरा सोड़ाला जयपुर

हार्दिक शुभकामनाएं

महेशचंद कायस एवं पद्ममावती देवी
से.नि. प्रधानाचार्या, राजकीय विद्यालय एफ 1/17.3, गिरिनगर, रेणवाल नगर, जयपुर

हार्दिक शुभकामनाएं

सरोज वर्मा एवं रामप्रसाद वर्मा
सेवानिवृत्त वरीष्ठ बैंक प्रबंधक सी/2/46, रिझाइट गांधीपथ जयपुर

हार्दिक शुभकामनाएं

माईकल कैथलीन-जेनेटिया कैथलीन
संस्थापक-सेरटलीनो आई फाउंडेशन ग्राउंड फ्लोर सुलेखा गार्डन, जयपुर

हार्दिक शुभकामनाएं

दीपचंद फर्नड
समाज सेवी 382 देवी नगर न्यू सांगानेर रोड़ जयपुर

हार्दिक शुभकामनाएं

मनोज निर्वाण
पुत्र श्री भीमाराम निर्वाण बी-41, मालवीय नगर जयपुर मो. 9828552412

हार्दिक शुभकामनाएं

बिमला देवी-राजकुमार खनगवाल
सेवानिवृत्त एसएमएस हॉस्पीटल 13 बिन्दुरी कॉलोनी, 13 डी इंडस्ट्रियल जयपुर

हार्दिक शुभकामनाएं

ललेशदेवी एवं तेजप्रकाश थानका
डायरेक्टर, हॉवे टेक्स एण्ड फैशन सी-123, रामकॉलोनी, शास्त्रीनगर, जयपुर

हार्दिक शुभकामनाएं

अशोक कुमार लुगरिया
से.नि. बैंक अधिकारी गणेश नगर, 200 फीट बाईपास जयपुर

हार्दिक शुभकामनाएं

सुरेश चंद डाबला
समाज सेवी 142, गोविन्दपुरी कॉलोनी, गलोंधा फैक्ट्री के पास, सोड़ाला जयपुर

हार्दिक शुभकामनाएं

कमल किशोर चौहान
समाज सेवी ए-1, गली क्र-2, अशोकपुरा सोड़ाला जयपुर

हार्दिक शुभकामनाएं

कालूराम गहलोत
समाजसेवी हरी नगर कॉलोनी घाटगेट जयपुर

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक और संपादक रवि सिंह किरार द्वारा एम बी प्रिन्टर्स डिग्गी हाऊस, एफ 76 करतापुरा औद्योगिक क्षेत्र, जयपुर से मुद्रित तथा 89, संतोष नगर, अजमेर रोड़, जयपुर से प्रकाशित। फोन नं. 9314407796 parishkarpatrika@gmail.com
www.parishkarpatrika.com, www.parishkarpatrika.page प्रधान संपादक हेमलता किरार तथा सलाहकार श्रवण सिंह किरार, विजय सिंह किरार, प्रचार एवं प्रसार प्रबंधक डी कुमार चित्र, शायर सिंह किरार, अंशुल किरार 8764400196 Whatsup